GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

**EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS**

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

**Tel:** +91-11-26135256 **Email:** press@epch.com

**Fax:** +91-11-26135518,26135519 **web:** www.epch.in

.

**23rd September', 2022**

# प्रेस विज्ञप्ति

## ईपीसीएच ने ग्वाटेमाला में भारतीय हस्तशिल्प की उपस्थिति दर्ज कराई

## ग्वाटेमाला (लैटिन अमेरिका) के उपराष्ट्रपति ने किया भारतीय पवेलियन का उद्घाटन

**नई दिल्ली - 23 सितंबर 2022 -** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने ग्वाटेमाला (लैटिन अमेरिका) में भारतीय मिशन के सहयोग से भारतीय कला और शिल्प और भारतीय हस्तशिल्प निर्माताओं और निर्यातकों के अन्य उत्पादों पर मेड इन इंडिया - ट्रेड शो प्रदर्शनी का आयोजन किया. यह आयोजन 22 से 24 सितंबर, 2022 तक ग्वाटेमाला सिटी, ग्वाटेमाला में होगा । भारत के कोने-कोने से आए दस राष्ट्रीय मास्टर शिल्पकार और निर्यातक विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प उत्पादों जैसे होम डेकोर, होम फर्निशिंग, कालीन, फर्नीचर, लैंप, फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज, धूप, सुगंध और वेलनेस उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहे हैं ।

ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने बताया कि ग्वाटेमाला के उप राष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति महामहिम श्री गुइलेर्मो कैस्टिलो और ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत, महामहिम डॉ मनोज कुमार महापात्रा ने ग्वाटेमाला में मेड इन इंडिया ट्रेड शो का उद्घाटन किया । इसके साथ ही उन्होंने हस्तशिल्प निर्यात बिरादरी की अदम्य भावना को दर्शाने वाली मेड इन इंडिया - ट्रेड शो प्रदर्शनी आयोजित करने और हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने के प्रयासों को जारी रखने के लिए के लिए ईपीसीएच को अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया है ।

ईपीसीएच के चेयरमैन श्री राज कुमार मल्होत्रा ने बताया कि भारतीय कला और शिल्प पर आधारित यह मेड इन इंडिया - ट्रेड शो और प्रदर्शनी खरीदारों और

प्रदर्शकों को एक व्यवहारिक व्यवसाय विकल्प प्रदान करेगी । उन्होंने यह भी कहा कि हमें यह उम्मीद है कि भारतीय मिशनों के सहयोग से भारतीय कला और शिल्प पर यह मेड इन इंडिया - ट्रेड शो प्रदर्शनी लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में व्यापार और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देगी ।

ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत महामहिम डॉ मनोज कुमार महापात्रा ने बताया कि यह मेड इन इंडिया - ट्रेड शो प्रदर्शनी भारत की विविधता को चित्रित करने का एक अवसर है, जिसकी दुनिया सराहना कर रही है । यह दुनिया के सामने भारत के प्रचुर कौशल, प्रतिस्पर्धा में बढ़त और दुनिया के लिए गुणवत्ता अनुपालन का पालन करने का एक अवसर भी होगा ।

ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में  विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जिसमें बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में  29.49% और डॉलर के संदर्भ में 28.90% की वृद्धि दर्ज हुई है। तथापि, लैटिन अमेरिका को हस्तशिल्प का निर्यात वर्ष 2021-22 में रु. 682 करोड़ (अमेरिकी डॉलर 92 मिलियन) दर्ज हुआ।

-----------------------------------------------------------------------------------------

**ज्यादा जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें**:

**श्री आर के वर्मा कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच- 9810697868**

**PRESS RELEASE**

# EPCH MARKS PRESENCE OF INDIAN HANDICRAFTS IN GUATEMALA

## INDIA PAVILION INAUGURATED BY VICE-PRESIDENT OF GUATEMALA (LATIN AMERICA)

**New Delhi – 23rd September 2022 -** The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) in association with Indian mission in the Gautemala (Latin America) organizing a Made In India - Trade Show Exhibition on Indian arts & crafts and other products of Indian Handicrafts Manufacturers & Exporters from 22 - 24 September, 2022 in Gautemala City, Gautemala. Ten National master craftpersons and exporters from all parts of India are displaying the wide range of variety of handcrafted products like home décor, home furnishing, carpets, furniture, lamps, fashion jewellery & accessories, incense, aroma and wellness products.

Mr. Rakesh Kumar informed that H.E. Mr.Guillermo Castillo Vice President of Guatemala & acting President and H.E. Ambassador of India to Guatemala, Dr. Manoj Kumar Mohapatra inaugurated the Made in India Trade Show in Gautemala and have extended their full cooperation support to EPCH for organizing Made In India - Trade Show Exhibition in their Region reflecting the indomitable spirit of the handicraft exporting fraternity to continue furthering the efforts to strengthen the Handicrafts Sector.

Mr. Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH informed that this Made In India - Trade Show Exhibition on Indian arts & crafts will provide a viable business option to the exhibitors and buyers. It is expected that this Made In India - Trade Show Exhibition on Indian arts & crafts in association with Indian Missions will lead to enhance Trade and people to people relations in the Latin American region.

His Excellency H.E. Ambassador of India to Guatemala, Dr. Manoj Kumar Mohapatra informed that this Made In India - Trade Show Exhibition is an opportunity to portray diversity of India, which the world is appreciative of. This will also be an opportunity to present to the world India's abundant skills, competitive edge and adherence to quality compliances to the world.

EPCH being a nodal agency, promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as a reliable supplier of high quality handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the year 2021-22 was Rs. 33253.00 Crores (US $ 4459.76 Million) registering a growth of 29.49% in rupee term & 28.90% in dollar terms over previous year. However, exports of Handicrafts to Latin America is Rs. 682 crores (USD 92 million) in year 2021-22.

---

**For more information, please contact:**
**Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH, 9810697868**

**Photo Enclosed**



Photo 1 - Mr.Guillermo Castillo, Vice President of Guatemala & acting President and H.E. Ambassador of India to Guatemala Dr. Manoj Kumar Mohapatra alongwith other dignitaries inagurating Made In India - Trade Show Exhibition on Indian arts & crafts at Cayala, Guatemala City, Gautemala



Photo 2 - Mr.Guillermo Castillo, Vice President of Guatemala & acting President and H.E. Ambassador of India to Guatemala Dr. Manoj Kumar Mohapatra alongwith participating national awardees and master craftpersons during Made In India - Trade Show Exhibition on Indian arts & crafts at Cayala, Guatemala City, Gautemala.